एक नजर में

## आईसीएआई इंदौर में वित्तीय विवरण पर प्रभावी सेमिनार



**इंदौर.** सीआईसीएएसए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) इंदौर में वित्तीय विवरण की प्रैक्टिकल तैयारी पर प्रभावी सेमिनार आयोजित किया गया. सेमिनार में सीए कृनिका जैन एवं सीए संजिल मामा ने छात्र-छात्राओं को थ्योरी से प्रैक्टिकल तक फाइनेंस के गुर बताए. इस सेमिनार में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और प्रैक्टिकल अप्रोच व सामान्य गलतियों से बचने के टिप्स सीखे.

## भगवान परशुराम और राष्ट्र आराधना पर व्याख्यान 10 को

**इंदौर.** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मेजबानी में भगवान परशुराम के जयंती महोत्सव प्रसंग पर 10 मई को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्री विद्याधाम पर सायं 7.30 बजे से श्री परशुराम यशोगाथा- भगवान परशुराम और राष्ट्र आराधना जैसे प्रासंगिक विषय पर महानिर्वाणी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानन्द भारती महाराज (बीकानेर-काशी-हरिद्वार-अहमदाबाद-कोलकाता) के सानिध्य और मुख्य आतिथ्य में मप्र साहित्य अकादमी, मप्र शासन के निदेशक डॉ. विकास दवे मुख्य वक्ता के रूप में अपने प्रेरक और ओजस्वी विचार व्यक्त करेंगे. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा एवं महामंत्री सुरेश शर्मा काका ने बताया कि परशुराम जयंती पर न्यास की ओर से प्रतिवर्ष भगवान श्री परशुराम पर केन्द्रित व्याख्यान के प्रासंगिक आयोजन का सिलसिला शुरू किया गया है. इस श्रृंखला में इस बार डॉ. विकास दवे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त करेंगे. पं. शर्मा एवं न्यास के अन्य पदाधिकारियों ने समाज बंधुओं, विशेषकर विप्र जनों से आग्रह किया है कि वे अपने आराध्य भगवान परशुराम से जुड़े प्रेरक और तथ्यात्मक विचारों को सुनने का यह दुर्लभ प्रसंग अवश्य आत्मसात करें.

## वनबंधु परिषद की एफटीएस युवा टीम को मिले 6 पुरस्कार



**इंदौर.** झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित 'अभिज्ञा 3.0' वार्षिक कांफ्रेंस में वन बंधु परिषद की फ्रेंड्स ऑफ ट्रायबल सोसायटी (एफटीएस) युवा इंदौर ने पहली बार अपने समर्पण, सेवा कार्यों और नवाचार से 6 प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं 3 प्रशंसा सम्मान प्राप्त कर एफटीएस युवा इंदौर के नाम वर्ष 2025-26 के लिए सर्वश्रेष्ठ युवा समिति का ख़िताब भी प्राप्त कर परिषद के इतिहास में एक नया कीर्तिमान रचा है. देश के 25 शहरों के 160 सदस्यों की मौजूदगी में देश की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी, फिल्म थिएटर आर्टिस्ट अतुल सत्य कौशिक, रेणुका गोस्वामी एवं शैफाली वैद्य जैसी जानी-मानी हस्तियों ने भी इंदौर टीम की इन उपलब्धियों पर की सराहना की. एफटीएस युवा इंदौर की अध्यक्ष नीलम बाल्दी को इस मौके पर उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया, जिसे उन्होंने तत्काल अपनी पूरी टीम को समर्पित कर दिया. सचिव दीपिका माहेश्वरी ने भी कहा कि हम सब मिलकर समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में इसी तरह भागीदार बनकर आगे बढ़ते रहेंगे. इस अवसर पर इंदौर से पहुंची टीम में अध्यक्ष नीलम बाल्दी, सचिव दीपिका माहेश्वरी के साथ राष्ट्रीय समन्वयक रासु जैन, सरिता मूंदड़ा, दीप्ति गुप्ता, नेहा अग्रवाल, दीप्रिया अग्रवाल की विशेष भागीदारी रही।

## परियोजना प्रबंधन इकाई के सदस्यों को दिए प्रशस्ति पत्र

**इंदौर/भोपाल.** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्य कर रही परियोजना प्रबंधन इकाई के सदस्यों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। आईक्यूवीआईए की परियोजना प्रबंधन इकाई से जुड़े सदस्यों को उनके कार्यों की सराहना करते हुए यह सम्मान दिया गया. जानकारी के अनुसार, आयुष्मान भारत की सीईओ द्वारा प्रशस्ति पत्र जारी किए गए, जिसमें टीम के प्रयासों और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भूमिका को रेखांकित किया गया है. साथ ही, आयुष्मान भारत के अधिकारियों ने पूर्व में प्रकाशित कुछ समाचारों का खंडन करते हुए स्थिति स्पष्ट की. अधिकारियों ने बताया कि आईक्यूवीआईए कंपनी का भारत में व्यवसाय तथा आयुष्मान भारत के साथ उसका अनुबंध समाप्त हो चुका है. इसी कारण अब नई परियोजना प्रबंधन इकाई के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है.

## पर्यावरण बचाने जमीनी स्तर पर काम करना होगा



**इंदौर.** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि मालवा प्रान्त इंदौर संभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर मातृ पृथ्वी दिवस का आयोजन एसजीएसआईटीएस के जयशंकर स्पंदन सभागार में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राकेश जैन अखिल भारतीय सह संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं मुख्य अतिथि डॉ किरण बाला प्रोफेसर आई. आई. टी. इंदौर थे. इस कार्यकम को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के कचरा प्रबंधन आयाम द्वारा आयोजित किया गया. कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण बात थी की वेस्ट मेनेजमेंट पर कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओ, उद्योगो और एनजीओ ने अपने अपने क्षेत्र में वे सब कैसे कचरे का प्रबंधन करते हैं, सभी ने अपने कार्यों का विस्तृत विवरण कार्यक्रम में दिया, जो कि प्रेरणादायी, अनुकरणीय रहा. मुख्य अतिथि किरण बाला ने अपने वक्तव्य में कहा कि अब हम पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता अभियान या नुककड़ नाटक करके पर्यावरण को नहीं बचा पाएंगे, अब हर व्यक्ति को ग्राउंड लेवल पर काम करना होगा. कार्यक्रम में जैविक खाद, बायो इंजाइम, मिट्टी संरक्षण, थैला बैंक, प्लास्टिक मैनेजमेंट की प्रदर्शनी लगाई गई. कार्यक्रम में लगभग 70 संस्थाओ के प्रमुखों ने अपनी उपस्तिथि दर्ज करवाई. संचालन स्वाति वर्मा, कल्पना शर्मा ने किया. अतिथि परिचय दीपक व्यास और आभार प्रदर्शन दीपक शर्मा ने किया. तकनीकी सहयोग आयुष शर्मा और समग्र कार्यक्रम की परिकल्पना स्वाति चौहान ने की.

# समग्र शिक्षा पर फोकस, ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से स्कूल लाने का अभियान

- कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश हर बच्चे तक पहुंचे, निजी स्कूलों में प्रवेश अनिवार्य



नवभारत न्यूज

**इन्दौर. समग्र शिक्षा अभियान की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर शिवम वर्मा ने कि जिसमे शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

जिले में कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहना चाहिए। कक्षा पहली से 12वीं तक शासकीय और निजी दोनों विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का समय पर कक्षा पहली में प्रवेश कराया जाए और इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय रखा जाए. ड्रॉपआउट विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जो बच्चे पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उन्हें फिर से शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### एप से जानकारी रखें अपडेट

इसके साथ ही चाइल्ड ट्रैकिंग एप और जीआईएस मोबाइल एप के माध्यम से बच्चों और विद्यालयों की जानकारी अपडेट रखने पर जोर दिया गया. सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने और आधार अपडेट का कार्य भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए. नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण की समीक्षा की गई और कहा गया कि किताबें समय पर वितरित की जाएं तथा वितरण के बाद तुरंत पोर्टल पर एंट्री की जाए। स्कूलों में बालिकाओं के लिए स्वच्छ और उपयोगी शौचालय सुनिश्चित करने और जर्जर भवनों की मरम्मत को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए.

सभी विद्यार्थियों की जानकारी यू-डायस पोर्टल पर समय पर अपडेट करने के लिए भी कहा गया. कलेक्टर ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत पात्र बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाना अनिवार्य बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बच्चों का अधिकार है और कोई भी निजी स्कूल उन्हें प्रवेश देने से मना नहीं कर सकता.

### जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर

साक्षरता कार्यक्रम के तहत निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित निगरानी और समय-समय पर समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाई जा सके।




## हेलमेट जागरूकता अभियान : 29 कार्यक्रमों में 4150 से ज्यादा हेलमेट बांटे

- पलासिया चौराहे पर पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में चला अभियान
- नियम तोड़ने वालों का चालान काटकर दी समझाइश

**इंदौर. सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का हेलमेट जागरूकता अभियान लगातार जारी है. अब तक 29 कार्यक्रमों में 4150 से ज्यादा हेलमेट जरूरतमंद चालकों को वितरित किए जा चुके हैं. मंगलवार को पलासिया चौराहे पर पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में विशेष अभियान चलाया गया.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर के सिंह के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस शहरभर में हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है. जिसके तहत मंगलवार को पलासिया चौराहे पर 29वां हेलमेट पहनें सुरक्षित रहें अभियान आयोजित किया गया, जिसमें डीसीपी (ट्रैफिक) राजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए वाहन चालकों खिलाफ पहले चालान की कार्रवाई की गई, इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हेलमेट भी दिए.

### कागजात पूर्ण पाए जाने वाले चालकों को हेलमेट देकर किया सम्मानित

इस दौरान जो चालक स्वेच्छा से हेलमेट पहनकर पहुंचे, उनकी सराहना करते हुए पुलिस ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया. वहीं, अभियान के दौरान जिन दोपहिया चालकों के दस्तावेज पूरे पाए गए, उन्हें भी हेलमेट वितरित किए गए. ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके और लोग नियमों का पालन करें.



## अपहरण-फिरौती केस सुलझाने वाली टीम समेत 28 पुलिसकर्मी सम्मानित

- कमिश्नर ने प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार देकर बढ़ाया हौसला
- 17 जवानों को दिया गया विशेष सराहना अवॉर्ड

**इंदौर.** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर में बेहतर पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम चलाया जा रहा है. 28 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में दो नाबालिगों का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले का खुलासा करने वाली टीम सहित 28 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया. इसमें पुलिस कमिश्नर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया.

बेहतर पुलिसिंग को बढ़ावा देने के इसी क्रम में 28 अप्रैल को पलासिया स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया. पलासिया थाना क्षेत्र में नाबालिगों के अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार करने और बच्चों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द करने वाली टीम के 17 पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया. इसके अलावा सदर बाजार थाना टीम को एमडी ड्रग्स के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी, परदेशीपुरा पुलिस को अंधे कत्ल का खुलासा करने, जूनी इंदौर पुलिस को वाहन चोरी के आरोपी को पकड़ने और चार दोपहिया वाहन बरामद करने पर सम्मान मिला.

### सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना

इस अवसर पर यातायात प्रबंधन में बेहतर कार्य करने और एक्सीडेंट डेटा का व्यवस्थित संधारण करने वाले पुलिसकर्मियों को भी पुरस्कृत किया गया. इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सभी सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से पुलिस की कार्यप्रणाली मजबूत होती है और जनता का भरोसा बढ़ता है. उन्होंने आगे भी इसी तरह बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया.

## जटिल सर्जरी से बचाई युवक की जान

- चोट से क्षतिग्रस्त बड़ी आंत और लिवर को किया रिपेयर



**इंदौर. दुर्घटना में गम्भीर घायल एक युवक को चोइथराम हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों और कौशल का उपयोग कर नया जीवन दिया.**

जेसीबी से लगी चोट के कारण गंभीर घायल इस युवक को अस्पताल से इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था. जिस समय मरीज को अस्पताल लाया गया उस समय उसकी नब्ज बहुत तेज थी तथा ब्लड प्रेशर भी बहुत असंतुलित था. लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संदीप राठौर ने बताया कि मशीन के आघात के कारण अंदरूनी अंगों तक चोट का प्रभाव हो गया था और शरीर के बाईं तरफ पेट से सीने तक बड़ा घाव था, जिससे बड़ी आंत, लिवर, डायफ्रॉम और स्प्लीन तक क्षति पहुंची थी.

डॉक्टर्स की टीम ने तुरंत सर्जरी का निर्णय लिया. अस्पताल में मौजूद अत्याधुनिक सर्जिकल इक्विपमेंट्स का उपयोग कर मरीज की बड़ी आंत, डायफ्रॉम और लिवर को सफलतापूर्वक रिपेयर किया गया. अधिक रक्तस्राव के कारण स्प्लीन (तिल्ली) को शरीर से हटाया गया. मैश का उपयोग करते हुए पेट की अंदरूनी दीवार को फिर से बनाया गया. लगभग 4 घंटे लंबी इस सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में और उसके कुछ ही समय रिकवरी अच्छी होने पर वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया. मात्र 10 दिनों में मरीज रिकवरी के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया. इस सर्जरी में डॉ. दीपक खेतान और डॉ. शैलेन्द्र पटेल का भी योगदान रहा.

### जीवन बचाना प्राथमिकता...

अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुनील चांदीवाल ने बताया कि यह एक बहुत ही कठिन सर्जरी थी क्योंकि एक्सीडेंट का प्रकार और इंज्यूरी बहुत अलग प्रकार की थी जो सामान्यत: देखने में नहीं आती. इसलिए इसके लिए अनुभवी और विशेष प्रशिक्षित डॉक्टर्स की एक टीम की आवश्यकता थी. हमारे विशेषज्ञों ने तुरंत निर्णय लिया और बिना समय गंवाए मरीज को ऑपरेशन थियेटर में ले जाकर प्रक्रिया शुरू कर दी क्योंकि किसी भी मरीज का जीवन बचाना हमारे लिए प्राथमिकता है.



## प्रतिभा और विविध संस्कृतियों का दिखा संगम

- सखी मंच नारी तू नारायणी-सीजन 3 के तहत आयोजन

**इंदौर. नारी तू नारायणी: सीजन 3 के अंतर्गत सखी मंच द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन में महिलाओं की शक्ति, प्रतिभा और विविध संस्कृतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला.**

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें विविध संस्कृतियों के साथ-साथ देश और विदेश से भी प्रतिभागियों की सहभागिता रही. महाराष्ट्रीयन, मारवाड़ी, साउथ इंडियन, सिंधी, गुजराती, पंजाबी, नेपाली, बंगाली एवं मालवी संस्कृति की झलक ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया. इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों, नृत्य, संगीत और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में सोलह श्रृंगार, कम्युनिटी ड्रेसअप और क्रिएटिव थीम जैसी गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, सांस्कृतिक एकता एवं सनातन संस्कारों को बढ़ावा देना रहा. आयोजन में मुख्य अतिथि के रूपमें सांसद शंकर लालवानी, समाजेसवी माला ठाकुर, अभिनेत्री राशिका नीमा की गरिमामयी उपस्थिति रही.

### पुस्तिका का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान संस्कार एवं सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संस्कार दीप पुस्तक का विमोचन भी किया गया. इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया. संचालन आयोजक प्रीति अय्यर एवं स्वाति पालीवाल द्वारा किया गया, जिनके नेतृत्व में यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा.

## संतुलित आहार, सकारात्मक विचार से भारत को बना सकते हैं श्रेष्ठ

- सीएसआर पर आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव 2.0 में विशेषज्ञों ने रखे विचार



**इंदौर.** सरकार का काम है-सीएसआर के लिए नीतियां बनाना, कॉरपोरेट कंपनियों का दायित्व है सीएसआर फंड एकत्रित करना तथा एनजीओ का काम है योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करना. यदि एनजीओ, सरकार और कॉरपोरेट कंपनियां आपस में तालमेल बिठाकर कार्य करें, तो देश स्वस्थ, सुदढ़ समृद्ध और सुंदर बन सकता है.

ये विचार विभिन्न शिक्षाविदों, कॉरपोरेट्स, समाज सुधारको और चिकित्सकों के हैं, जो उन्होंने सीएसआर पर आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव 2.0 पर व्यक्त किए। यह आयोजन संस्था सत्य ( द सोसायटी फार अवेरनेस एंड ट्रांसफरमेशन फॉर युथफुल एसपायरेशन्स) ने एक निजी होटल में किया गया था. जिसकी थीम थी मानसिक स्वास्थ्य, जीवन शैली सम्बन्धी विकार और निवारक आंकोलॉजी। सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न सत्रों मे आयोजित इस राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में दिल्ली, नागदा, पीथमपुर, रायपुर, मुंबई, कोयंबटूर, पचमढ़ी, गुजरात, भोपाल, हैदराबाद, कोलकाता आदि शहरों से आए शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, हैल्थवर्कर विशेषज्ञ और कारपारेट्स ने अपने विचार व्यक्त किए. संस्था सचिव और कार्यक्रम संयोजक डॉ. रंजना सहगल ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का मकसद भारत को स्वस्थ और श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास के साथ - साथ विभिन्न संस्थाओ के साथ समन्वय बनाना. संतुलित आहार, सकारात्मक विचार और राष्ट्र प्रेम से भारत को स्वस्थ और श्रेष्ठ बनाया जा सकता है. संस्था अध्यक्ष डॉ. सुरेश सहगल ने कहा कि जीवन शैली में बदलाव लाकर स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है. प्रवीण जोशी ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में विभिन्न सत्रों में सीएसआर के विभिन्न आयामों पर खुलकर बातचीत हुई. कार्यक्रम में विशेष रुप से तन्वी हूड्डा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि- यह कार्यक्रम अपने उद्देश्यों में सफल रहा. डॉ. एस आर बिल्लोरे, अनिल मलिक, और पी. के जाडिया को विशेष सम्मान से नवाजा गया. अतिथियों ने सीएसआर पर केंद्रित पत्रिका का विमोचन किया. कार्यक्रम में देशभर से 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

### संस्थाओं का सही निवेश जरूरी

मुख्य अतिथि वसुंधरा धारकर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ अधोसंरचनाओ को मजबूत करने के लिए कार्पोरेट संस्थाओ का सही निवेश जरूरी है. कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण अग्रवाल ने कैंसर से होने वाले खतरों को बिंदुवार समझाते हुए कहा कि कैंसर एक खतरनाक और भयावह बीमारी है. मनोवैज्ञानिक एवं कॉउंसलर डॉ. वैभव चतुर्वेदी ने कहा कि चिंता, एक मानसिक समस्या है, जो व्यक्ति को भीतर से खोखला कर देती है. इस समस्या को तकनीक के माध्यम से दूर किया जा सकता है. समाजसेविका डॉ. रजनी भंडारी ने कहा कि थैलेसीमिया के रोगियों को सही उपचार के साथ जागरूकता की अधिक आवश्यकता है.

एक नजर में

सॉलिटेयर ग्रुप का अनूठे अंदाज में बाउल मेडिटेशन और नियॉन थीम एक्वा जुंबा

## पानी बचाने और परिंदों की सेवा करने का लिया संकल्प



**इंदौर. जैन समाज के युवाओं की प्रतिष्ठित संस्था सॉलिटेयर ग्रुप द इनर सर्कल के सदस्यों ने पालदा स्थित एक रिसोर्ट पर अनूठे अंदाज में बुद्ध बाउल मेडिटेशन और नियॉन एक्वा जुंबा के साथ अपनी दावत सजाई.**

संयोजक गौरव-रिया जैन ने बताया कि बाउल मेडिटेशन में ग्रुप के 35 युगलों ने शिरकत की और इन लम्हों को ऊर्जा और मनोरंजन, मस्ती और धमाल तथा सेवा के संकल्प से यादगार बना दिया. रोचक स्पर्धाओं में सौरभ-रितु बरबेटा ने अपनी शानदार केमेस्ट्री से विजेता का ख़िताब अपने नाम कर लिया. ग्रुप के सदस्य अर्पित-शिल्पा पामेचा और अमन-पायल जैन सहित सभी युगलों ने बुद्ध बाउल की मधुर धुनों पर मेडिटेशन भी किया और आन्तरिक शांति को भी अनुभूत किया.

पार्टी की शुरुआत सुबह साउंड हीलिंग से हुई। देर रात तक चले उत्सव में ऋषभ-प्रीति कोठारी, पराग-अंकिता सुराना, अर्पित-स्वीटी जैन, निखिल-नयन बोथरा, वैभव-परिधि, अतुल-आकांक्षा सेठी, मयंक-ऋषिका और सौरभ-शिल्पा भंडारी सहित सभी सदस्यों ने अपने मनोरंजन के साथ ही इस सुबह की शुरुआत साउंड हिलींग और शारीरिक ऊर्जा के लिए नियॉन एक्वा जुंबा के साथ की. सभी सदस्यों ने रिसोर्ट के स्विमिंग पूल में नियॉन एक्वा जुंबा में अपने पिकनिक के साथ ग्रीष्मकाल में पानी बचाकर बूंद-बूंद का सदुपयोग करने और पशु-पक्षियों के लिए अपने घर-आँगन में दाना-पानी रखने का संकल्प भी लिया.